






## एक नजर में

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि हुई 24 अक्टूबर

**खंडवा।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतो की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं कार्यक्रम जारी किया गया हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकायों एवं पंचायतो की फोटो युक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने एवं नाम में संशोधन की कार्यवाही के लिए 8 से 17 अक्टूबर तक नगरीय निकाय के वार्डों में एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतो में नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा दावे आपत्ति के आवेदन प्राप्त किये जाना थे, आयोग ने अब दावे आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 24 अक्टूबर कर दी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन दिनेश सावले ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि नियत अवधि में अपने क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम जोड़ने व हटाने या संशोधन कराने के संबंध में आवेदन संबंधित प्राधिकृत कर्मचारी से प्राप्त कर जानकारी भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### ग्राम रक्षा समिति सदस्यों को प्रशिक्षण दिया



**जावर।** पुलिस विभाग और उदय सामाजिक विकास संस्था द्वारा जिम्मेदार मर्दानगी पर ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को शुक्रवार को ग्राम पंचायत जावर में प्रशिक्षण दिया गया। जिम्मेदार मर्दानगी के मास्टर ट्रेनर सोनू सोलंकी, राजू ओसवाल और तबस्सुम खान ने पीपीटी और साट वीडियो के माध्यम से जेंडर और घरेलू हिंसा को बताते हुए ग्राम रक्षा समिति सदस्यों से आपसी चर्चा करते हुए संवाद किया साथ ही जिम्मेदार मर्दानगी पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। खंडवा महिला थाना से थाना प्रभारी सुलोचना गहलोत ने जिम्मेदार मर्दानगी पर अपने विचार रखे। ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की सदस्यता, ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की जिम्मेदारी व दायित्वों को बताते हुए जानकारी दी। पैरा लीगल वालेंटियर नारायण फरकले ने भी जेंडर भेदभाव पर विधिक सेवा की जानकारी दी। इस अवसर पर हरीकिशन सोनी, मुन्ना बर्डे, राजपूत साहब, मालती काजले, जावर थाना से स्टाफ उदय संस्था स्टाफ खालिदा सैय्यद, एडवोकेट हर्षिता अवस्थी तबस्सुम खान, राजेश कनाडे, प्रवीण सांवले और ग्राम रक्षा समिति के रामपुरा, धरमपरी, पैठिया, सरई आदि गांवों के सदस्यों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन नारायण फरकले ने किया एवं आभार संस्था प्रमुख सोनू सोलंकी ने माना।

### सिंगोट में बालिका दिवस पर प्रश्नोत्तरी एवं पोषण व्यंजन प्रदर्शनी




**खंडवा।** अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक भवन सिंगोट में मानसिक स्वास्थ्य, पोषण माह, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर कार्यशाला एवं पोषण व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही पोषण माह के अन्तर्गत पोषण व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कार्यक्रम अधिकारी रत्ना शर्मा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की कार्यक्रम की भूमिका बताते हुए विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने पोषण के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशनोत्तरी का आयोजन भी हुआ। प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाली किशोरियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य उपस्थित प्रतिभागियों को इनाम दिए गए।

### ग्रामीणों ने बोरी बंधान बनाने के लिए श्रमदान किया




**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में स्थित नदी नालों पर बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान बनाए जा रहे हैं। क्योंकि इस रुके हुए पानी से आसपास के जल स्रोतों में पानी का स्तर बढ़ता है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था दगड़खेड़ी, प्रगति शैक्षणिक सामाजिक अनुसंधान संस्थान धारूखेड़ी के सहयोग से स्थानीय ग्रामवासियों ने श्रमदान कर ग्राम धारूखेड़ी व छिपीपुरा के बीच में नाले पर बोरीबंधान का निर्माण किया। गांव के सरपंच ने बताया कि इस बोरी बंधान के बन जाने से पशुओं के पीने के लिए भरपूर पानी मिलेगा। साथ ही आस पास के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहेगा।

### लायंस क्लब खंडवा ओजस द्वारा 11 दिवसीय कृतज्ञता एवं मानसिक स्वास्थ्य अभियान



**खंडवा।** मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलबीइंग के अंतर्गत 11 दिवसीय ग्रैटिट्यूड चैलेंज एवं थैरेपी सत्र का आयोजन आयोजित हुआ। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम का नेतृत्व लायन संजना खत्री माइक्रो कैबिनेट एवं रीजन कोऑर्डिनेटर तथा लायन डॉ. इंदरदीप कौर माइक्रो कैबिनेट एवं कोषाध्यक्ष ने किया। डॉक्टर इंद्रदीप कौर ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य पर यह जागरूकता एवं थेरेपी अभियान शहर के कई स्कूलों, कॉलेजों एवं ऑनलाइन माध्यमों से चलाया गया, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों व स्टाफ ने भाग लिया। डॉ. इंदरदीप कौर ने मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और उस पर भावनात्मक पैटर्न के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए एनएलपी व साउंड थेरेपी के माध्यम से नकारात्मक भावनाओं को दूर करने और सकारात्मक सोच विकसित करने पर बल दिया। 11 दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने कृतज्ञता डायरी के माध्यम से जीवन के विभिन्न पहलुओं माता-पिता, स्वयं, स्वास्थ्य, संबंध, प्रकृति, चुनौतियाँ, सुविधाएँ, धन, विचार और भावनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर पीडीजी लायन डॉ.साधना सोडानी, डॉ.राजेंद्र कुमार सोडानी, लायन सिद्धार्थ बंसल, लायन डॉ.मुरली अरोड़ा, लायन राजीव मालवीय, लायन प्रेरणा दुबे, लायन रजनी शर्मा, लायन लिट्टी मैथ्यू, लायन दीपाली खोटी सहित अनेक गणमान्य लायंस सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु लायन संजना खत्री एवं लायन डॉ. इंदरदीप कौर को विशेष सराहना प्राप्त हुई।

# सराफा, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, रेडीमेड व वाहन बाजार में बरसा धन





**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। दीपावली के दो दिन पहले धनतेरस पर बाजार में जमकर धन बरसा। सराफा, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, रेडीमेड बाजार व वाहन बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे।**

महंगाई को पीछे छोड़ते हुए लोगों ने अपनी जरूरत की वस्तुएं जमकर खरीदी। शहर के बाजारों में सुबह जहां कम भीड़ नजर आई, वहीं शाम के समय भीड़ देखी गई। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल घंटाघर के चारों ओर सड़कों पर लगी दुकानों से भी लोगों ने जमकर खरीदी की।

### रेडीमेड का बढ़ा चलन

दीपावली पर नए वस्त्र सिलवाने के बजाय लोगों ने रेडीमेड वस्त्र खरीदना उचित समझा। धनतेरस पर रेडीमेड बाजार में ग्राहकों द्वारा जमकर खरीदी की गई। बाम्बे बाजार, बुधवारा बाजार, खड़कपुरा सहित शहर के कई कपड़ा बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे।

### पटाखा बाजार में चहल पहल बढ़ी

शनिवार को दोपहर बाद पटाखा बाजार ने जोर पकड़ा। शाम के समय ग्राहकों द्वारा पटाखा दुकानों से जमकर खरीदी की गई। बाजार में बच्चों द्वारा जहां फूलझड़ी, टिकली, अनार, सांप गोली, चकरी आदि की खरीदी की तो युवाओं ने रस्सी बम, बुलेट बम, राकेट, बड़े व छोटे बम अधिक खरीदे। पटाखा व्यवसायियों द्वारा धनतेरस पर जमकर बिक्री की गई।

### खरीदे टीवी और फ्रीज

इलेक्ट्रानिक बाजार में भी खरीदी व बिक्री अच्छी रही। लोग इस धनतेरस पर अपने घर टीवी, फ्रीज, सहित अन्य आयटम लेकर आए। शहर के बड़े इलेक्ट्रानिक शॉप के अलावा छोटी दुकानों पर भी इलेक्ट्रानिक सामान की खरीदी के लिए अधिक भीड़ रही।

### सड़कों पर आईं दुकानें

त्यौहार के दिन शहर के सभी मार्गों पर अतिक्रमण देखने को मिला। फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों के अलावा हाथठेला व्यवसायियों के साथ ही दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को 10 से 12 फीट बाहर कर व्यापार किया गया। दुकानें इस तरह सड़कों पर आ जाने से बाजार में खरीदी करने आए ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राहगीर व दो पहिया वाहन चालक बार-बार जाम में फंसते रहे।

### शाम को ग्राहकों से पट गए बाजार

शनिवार सुबह बाजारों में नाममात्र की भीड़ रही। दोपहर से शाम होते होते शहर के सभी बाजार ग्राहकों से सटे पड़े थे। लोगों ने शाम के समय अपनी जरूरतों के सामान खरीदे। शुभ मुहूर्त में सराफा व बर्तन बाजार में महिलाओं ने सोने-चांदी के आभूषण व बर्तनों की खरीदी की। दो पहिया, चार पहिया वाहन भी अधिक मात्रा में बिके। बाजार में ग्राहकों की भीड़ देखकर करोड़ों के व्यापार से इंकार नहीं किया जा सकता। धनतेरस पर बर्तन बाजार में अच्छी चहल पहल रही। घर में ग्रहस्थी जमाने में उपयोगी बर्तन की खरीदी महिलाओं द्वारा की गई। सबसे अधिक भीड़ बर्तन बाजार में देखी गई। हालांकि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अच्छी ग्राहकी देखी गई।

# सरकारी 'सिस्टम' ने नाबालिग के परिजनों की दुनिया रोशन कर दी

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिले की एक 13 वर्षीय नाबालिग अपने दोस्त के साथ घर से निकल भागी। उसे वक्त परिजन किसी काम से बाहर गए थे। दोस्त भी अवयस्क था। दोनों साथ जीना चाहते थे।**

किस्मत अच्छे थी कि दोनों गलत ट्रेन में बैठ गए। चालीसगांव पहुंच गए। वहां से आरपीएफ ने जलगांव बाल कल्याण समिति को सौंप दिया। पूछताछ के बाद इन्हें अभिरक्षा में संरक्षित कर लिया। खंडवा बाल कल्याण समिति को सौंप दिया।



### परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू

यहां पर काउंसलिंग के बाद दीपावली के जगमग त्यौहार की शुरुआती दौर में ही बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों की भी आंखें भर आईं। उन्होंने सबका धन्यवाद देते हुए कहा की यह दीवाली उनके लिए बहुत मायने रखती है। बाल कल्याण समिति खंडवा (प्रथम वर्ग श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट समकक्ष खंडपीठ) ने नाबालिग बालिका को उसके परिजनों से मिलवाकर अंधेरों में खोए परिवार के जीवन में फिर से उजाला भर दिया।

### सबने दिखाई ऐसी तत्परता

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में समिति ने परिजनों से संपर्क साधा और मान्धाता थाना पुलिस की मदद से बालिका को जलगांव से बुलवाया।

रात के 9 बजे जब पुलिस बालिका को लेकर समिति के समक्ष पहुंची, तो समिति की टीम ने देर रात तक बैठकर बाल न्यायालय में विधिक प्रक्रिया पूर्ण की और बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### ऐसा उजाला भी सच्ची दीवाली

अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा — "दीवाली का सच्चा अर्थ केवल दीपक जलाना नहीं, बल्कि किसी के जीवन में उजाला भरना है। यह बालिका का परिवार से मिलन उस सच्चे दीपोत्सव की अनुभूति है।

# 31 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में त्योहारों के मद्देनजर कुल 31 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 19 प्रकरणों मे 26 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 05 प्रकरण मे 05 अनावेदक के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में 25 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन मे दिनांक 17.10.2025 को त्योहारों के मद्देनजर 08 गिरफ़्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, 14 जमानती वारंट, 41 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पदमनगर के आरोपी राहुल पिता राधेश्याम कनाडे उम्र 30 साल निवासी गोलजोशी के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमती 1260/- रुपए की जप्त की गई। थाना पंधाना के आरोपी नंदराम पिता सौमाजी भील उम्र 40 साल निवासी ग्राम टाकलीकला के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1000/-रुपए की जप्त की गई। थाना छैगावमाखन के आरोपी अंकित पिता दीपक कटियारे जाति बलाही उम्र 28 साल निवासी ग्राम बिलनखेडा थाना छैगावमाखन जिला खण्डवा के कब्जे से 18 क्वाटर देशी प्लेन मदिरा शराब 3.240 लीटर कीमती 1440/- रूपए की जप्त की गई। उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 17 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 8200/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# श्री महालक्ष्मी मंदिर में लक्ष्मी और कुबेर का विशेष पूजन

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। लालचौकी स्थित महालक्ष्मी मंदिर में छह दिवसीय दीपावली पर्व का आरंभ धनतेरस को ध्वज पूजन से हुआ। धन त्रयोदशी को प्रातः 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे ध्वजा पूजन, 10 बजे विशेष पूजन, 11 बजे ध्वज पूजन होने के बाद मंदिर के शिखर पर स्थापित किया गया।**




### ध्वज पूजा में उमड़ी भीड़

ध्वजा पूजन में महापौर अमृता अमर यादव, मुकेश तनवे, पार्षद सीमा यादव, अध्यक्ष सुभाष खण्डेलवाल, सचिव राकेश झंवर, मधुकांता खण्डेलवाल, अखिलेश गुप्ता, दीपक पालीवाल, संतोष यादव, जय शुक्ला, अलकेश गुप्ता, शरद खण्डेलवाल ने ध्वज पूजन किया।

### रूप चौदस पर विशेष पूजन

ट्रस्टी शैलेष पालीवाल ने बताया कि 19 अक्टूबर रूप चौदस श्री हनुमान जयंती को प्रातः 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकड़ा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे यम दीपदान, 12 बजे नैवेद्य आरती, विशेष पूजन रात्रि 8 बजे तथा 10 बजे शयन आरती होगी।



### साल में दो बार बदलते हैं ध्वज

वर्ष में दो बार मंदिर के शिखर पर ध्वज लगाया जाता है। पूजन आरती के बाद कन्या पूजन भी किया गया। 12 बजे नैवेद्य आरती, शाम 6 बजे धनवतंरी पूजन सहित धन के देवता कुबेर का आव्हान के साथ ही कुबेर का विशेष पूजन कुबेर पोटली बनाई गई। सांयकाल पांच पंडितों द्वारा श्रीसूक्त, लक्ष्मी सूक्त का 108 बार पाठ किया गया।

# विधायक ने सुपर सीडर को दिखाई हरी झंडी



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** ग्राम अमलपुरा के किसान पूनम शंकर पटेल और मनोहर पालीवाल ने अपने खेतों के लिए सुपर सीडर मशीन खरीदी है, जिससे उन्हें अब पराली जलाने से मुक्ति मिलेगी और पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर रोक लगेगी।

खंडवा की विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने शनिवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर से दोनों सुपर सीडर मशीन वाले ट्रैक्टर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान धर्मेंद्र बजाज और हरीश कोटवाले भी मौजूद थे।

## प्रेस वार्ता — सरदार वल्लभ भाई पटेल ने ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना देखा था

# तीन पुलिया के पुल का निर्माण अब शीघ्र पूर्ण होगा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती कार्यक्रम को भाजपा बड़े स्तर पर मनाने जा रही है। इसका उद्देश्य है कि युवाओं को भी वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र का ज्ञान हो। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम को लेकर पूरे प्रदेश में तैयारीया शुरू हो चुकी है। जिला मुख्यालयों पर प्रेस वार्ता भी आयोजित की जा रही है। प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार खंडवा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता ली गई।**

सांसद ज्ञानेश्वर पटेल ने कहा कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय बाय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्रा आयोजित की जा रही है। इस पल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावनाओं को मजबूत करना है।

सांसद श्री पाटिल ने पत्रकारों से कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना देखा था। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।




इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण चरण 26 नवंबर, संविधान दिवस से आरंभ होगा। गुजरात स्थित सरदार पटेल के जन्म स्थान करमसद से यूनिटी मार्च शुरू किया जाएगा, जो लगभग 152 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए केवड़िया पहुंचेगा। इस पदयात्रा में देश के विभिन्न जिलों से चुने गए पांच-पांच युवा प्रतिनिधि भाग लेंगे।

अगले दो महीनों तक देशभर में सरदार पटेल के विचारों और योगदान पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। सांसद श्री पाटिल ने कहा कि अभियान का दूसरा चरण 31 अक्टूबर से 25 नवंबर के बीच आयोजित होगा, जिसमें जिला स्तर कार्यक्रम होंगे।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद श्री पाटिल के साथ जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, पंधाना विधायक छाया मोरे, पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, हरीश कोटवाले, प्रवक्ता सुनील जैन, मंगलेश तोमर, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांसद श्री पाटिल ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया और कहा कि विकास चलने वाली निरंतर प्रक्रिया है। भाजपा सरकार के चलते संसदीय क्षेत्र में काफी विकास कार्य हुआ है। खंडवा मुंदी और खंडवा डुल्हार सड़क को लेकर कार्रवाई चल रही है। तीन पुलिया के पुल का कार्य भी अब रेलवे की परमिशन के पश्चात पूर्ण होगा। खंडवा में नई पाइपलाइन लगने के पश्चात पानी का संकट समाप्त होता जा रहा है। पूर्ण कार्य होने पर शुद्ध जल खंडवा को सतत प्राप्त होता रहेगा। हमारे प्रदेश की सरकार किसानों को लेकर काफी गंभीर है और किसानों और खेती को लेकर को लेकर लगातार योजनाएं बन रही है।

# अब तक कुल 6763, तथा आज 1211 किसानों के खाते में राशि जमा की गई

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि खरीफ सीजन में प्राकृतिक आपदा से सोयाबीन की फसल क्षति होने के मामले में जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन किसानों की फसल प्राकृतिक आपदा के कारण प्रभावित हुई है, राजस्व पुस्तक परिपत्र के नवीनतम प्रावधानों के तहत उनके फसल राहत के प्रकरण बनाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में कुल 6763 किसानों के फसल क्षति सम्बंधी राहत के प्रकरण बनाकर राहत राशि सम्बंधित किसानों के खाते में जमा करा दी गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को कुल 1211 किसानों के खाते में राहत राशि जमा कराई गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति प्रभावित किसानों के खातों में राहत राशि जमा कराने की कार्यवाही लगातार जारी है।

### निमाड़ की ख्यात भजन गायिका जीवनलता खेड़े का निधन



**मून्दी।** संत सिंगाजी भजन गायिका जीवन लता खेड़े का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। 67 वर्षीय जीवन लता खेड़े ने संत सिंगाजी के भजनों को सैकड़ों स्थानों पर भजन मंडली के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निमाड़ी भजनों में भी उन्हें महारत हासिल थी। अपने जीवन का कमाई का बड़ा हिस्सा धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों में विकास हेतु दान किया। आकाशवाणी इंदौर एवं खंडवा के केंद्रो से भी कई बार संत सिंगाजी महाराज के भजनों की प्रस्तुतियां दी हैं। बड़े मंचों पर भी प्रस्तुति दी।